Press clippings

Date:- 21/06/2014

Sub:- ICFAI University Jharkhand Signs MOU with R.K Mission

HINDUSTAN TIMES, RANCHI
SATURDAY, JUNE 21, 2014



# ICFAI university Jharkhand signs MoU with RK Mission

**HT Correspondent**
htjharkhand@hindustantimes.com

**RANCHI:** The ICFAI University Jharkhand signed a MoU with Ramakrishna Mission for imparting training in rural development to its students. In this regard, a function was organised on Friday.

Addressing the gathering, ICFAI vice-chancellor Professor ORS Rao said, "As part of our MOU, we plan to provide management training to rural entrepreneurs cultivated by RK Mission so that they can grow up and provide employment to more people."

"Some of our research scholars are currently working on entrepreneurship in areas like women entrepreneurs, new age entrepreneurs, strategies and challenges faced and rural entrepreneurship in Jharkhand," Professor Rao added.

Addressing scholars, Swami Shashankanandaji, the secretary of Ramakrishna Mission Ashram, said research is the birth right of all living creatures.

"Vedic age saints did research on essential needs of a human being like food, clothing, health and happiness," Swami Shashankanandaji added.

He also exhorted scholars to take up research in areas which will prove to be beneficial to the society. "A mindset for research needs to be cultivated in our children right from an early age," he said.

Dr KK Nag, member of board of governors and Dr BM Singh, the registrar of the university, also addressed the gathering.

**THE SECRETARY OF RAMAKRISHNA MISSION ASHRAM, SAID RESEARCH WAS THE BIRTH RIGHT OF ALL LIVING CREATURES**

प्रभात खबर \ कैंपस

रांची, शनिवार, 21 जून, 2014
www.prabhatkhabar.com



# इक्फाइ विवि व रामकृष्ण मिशन में एमओयू

**मुख्य संवाददाता, रांची**

इक्फाइ विवि, अशोकनगर व रामकृष्ण मिशन आश्रम, मोरहाबादी के बीच 20 जून को एमओयू हुआ. यह एमओयू उद्यम उपक्रम के लिए विवि में बनाये गये योग्यता केंद्र चलाने के लिए किया गया है. रामकृष्ण मिशन आश्रम की तरफ से सचिव स्वामी शशांकानंद व विवि की तरफ से कुलपति प्रो ओआरएस राव ने बताया कि यह केंद्र ग्रामीण उद्योग उपक्रम के शिक्षा, ट्रेनिंग तथा अनुसंधान के क्षेत्र में कार्य करेगा. कुलपति ने बिताया कि इस एमओयू के तहत रूरल इंटरप्रेन्योर को मैनेजमेंट ट्रेनिंग देने की योजना है. ताकि अधिक से अधिक लोगों को रोजगार मिले. कुछ रिसर्च स्कॉलर इंटरप्रेन्योरशिप के क्षेत्र में काम कर रहे हैं. इनमें महिला इंटरप्रेन्योरशिप, न्यू एज इंटरप्रेन्योरशिप, स्ट्रेटडीज एवं चैलेंजेज फेस्ड, रूरल इंटरप्रेन्योरशिप झारखंड आदि शामिल हैं.




रामकृष्ण मिशन के सचिव स्वामी शशांकानंद, कुलपति प्रो ओआरएस राव व अन्य.

स्वामी शशांकानंद ने बताया कि अनुसंधान सभी जीवों का जन्म सिद्ध अधिकार है. उन्होंने अनुसंधानकर्ताओं से कहा कि ऐसे क्षेत्रों को उठायें, जिससे कि समाज के सभी वर्ग लाभान्वित हो सकें. इस अवसर पर डॉ केके नाग, डॉ बीएम सिंह, प्रो एएस प्रसाद, डॉ एससी स्वेन सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे. आज ही पीएचडी 2014 के बैच का कोर्स वर्क वन का समापन भी किया गया.

## खबरनामा




इक्फाई विश्वविद्यालय, झारखंड का रामकृष्ण मिशन की रांची शाखा के साथ एमओयू हुआ है। शुक्रवार को विश्वविद्यालय के अशोकनगर स्थित कैंपस में पीएचडी 2014 बैच के कोर्स वर्क वन समाप्त होने पर आयोजित विदाई समारोह में यह एमओयू साइन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि रामकृष्ण मिशन, रांची के सचिव स्वामी शशंकानंद व इक्फाई विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो ओआरएस राव मौजूद थे। • हिन्दुस्तान

the pioneer
RANCHI | SATURDAY | JUNE 21, 2014



## ICFAI VARSITY SIGNS MoU WITH RAMA KRISHNA MISSION

**Ranchi:** ICFAI University Jharkhand signed MOU with Rama Krishna Mission Ashram on Friday. University VC ORS Rao said that the University has set up a Centre of Competence for Entrepreneurship and has been working closely with Rama Krishna Mission Ashram for education, training and research in rural entrepreneurship. "As part of our MOU, we plan to provide management training to rural entrepreneurs, cultivated by RK Mission so that they can grow and provide employment to more people", added Rao.

खबर मन्त्र

4 रांची. शनिवार, 21 जून. 2014
web www.khabarmantra.com

**पहल** रामकृष्ण मिशन और विश्वविद्यालय के साथ हुआ एमओयू

# अब पलायन रोकेगा इक्फाई विवि

सिटी रिपोर्टर

रांची। इक्फाइ विश्वविद्यालय में अब लोगों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए शिक्षा के साथ-साथ ट्रेनिंग और अनुसंधान के कार्यक्रम भी चलाये जायेंगे। इसके लिए विवि और रामकृष्ण मिशन के बीच एमओयू किया गया है।

कुलपति प्रो ओआरएस राव ने बताया कि विवि ने उद्यम उपक्रम के लिए योग्यता केंद्र की स्थापना की है। आरके मिशन के साथ मिलकर केंद्र को आगे बढ़ाया जायेगा। रिसर्च स्कॉलर्स के माध्यम से विवि द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नये-नये अवसरों की तलाश भी की जायेगी। इसका उद्देश्य झारखंड से पलायन को रोकना है। स्वामी शशांकानंद ने कहा कि आरके मिशन का उद्देश्य झारखंड के ग्रामीण लोगों के स्तर में सुधार करना है। इस दिशा में एमओयू सकारात्मक कदम होगा। ग्रामीण क्षेत्रों के लोग इसका लाभ लेकर आत्मनिर्भर बनेंगे।



कार्यक्रम का उद्घाटन करते प्रो ओआरएस राव व अन्य।

मौके पर विवि के डॉ केके नाग, डॉ बीएम सिंह, प्रो एएस प्रसाद, डॉ एससी स्वेन समेत आरके मिशन के अधिकारी एवं स्कॉलर उपस्थित थे। एमओयू में आरके मिशन के स्वामी शशांकानंद और विवि कुलपति प्रो ओआरएस राव ने हस्ताक्षर किया। शुक्रवार को इक्फाई विश्वविद्यालय में पीएचडी के नये सत्र के कोर्स वर्क वन का समापन हो गया।